कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक–2848/FP/UK/ROAD/18062/2016 :देहरादूनःदिनांकः 16 जून, 2021

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
चम्पावत।

विषयः– जनपद–चम्पावत के अन्तर्गत बिरमोला–रायल मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.643 हे0 वन भूमि के गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, अल्मोड़ा का पत्रांक–4610/12–1 दिनांक 14.06.2021 एवं इस कार्यालय का पत्रांक 2634 दिनांक 12–06–2020, 06–03–2021 एवं 29–04–2021,

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयांकित मोटर मार्ग के प्रस्ताव में भारत सरकार द्वारा ऑनलाईन लगाई गयी आपत्तियों के क्रम में सूचना प्रेषित की गई है, जो कि अपूर्ण है। उक्त आपत्तियों के क्रम में इस कार्यालय के सन्दर्भित पत्रों द्वारा अनुस्मारक प्रेषित किये गये हैं, परन्तु आपके द्वारा अभी तक उपरोक्तानुसार कमियों का निराकरण ऑनलाईन पार्ट–। एवं पार्ट–।। में नहीं किया गया है, जिससे प्रतीत होता है कि आपके द्वारा प्रकरण के निस्तारण में रूचि नहीं ली जा रही है, जिसके फलस्वरूप प्रकरण के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है।

अतः शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्तानुसार कमियों का निराकरण कर सूचना ऑनलाईन एवं ऑफलाईन सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। विलम्ब के लिये आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

भवदीय,

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून

संख्या–2848/ FP/UK/ROAD/18062/2016 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, अल्मोड़ा को सन्दर्भित पत्र के क्रम में।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून